DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO

**T.B.C. : 34/13/ET** **Booklet Sr. No.......1484**

# TEST BOOKLET
# HINDI
# PAPER II

Time Allowed : $1\frac{1}{4}$ Hours] [Maximum Marks : 100

*All* questions carry equal marks.

## INSTRUCTIONS

1. Write your Roll Number only in the box provided alongside. Do not write anything else on the Test Booklet.
2. This Test Booklet contains **50** items (questions). Each item comprises four responses (answers). Choose only one response for each item which you consider the best.
3. After the candidate has read each item in the Test Booklet and decided which of the given responses is correct or the best, he has to mark the circle containing the letter of the selected response by blackening it completely with Ball point pen as shown below. *H.B. Pencil should not be used* in blackening the circle to indicate responses on the answer sheet. In the following example, response "C" is so marked :

   (A) (B) ● (D)

4. Do the encoding carefully as given in the illustrations. While encoding your particulars or marking the answers on answer sheet, you should blacken the circle corresponding to the choice in full and no part of the circle should be left unfilled. You may clearly note that since the answer sheets are to be scored/evaluated on machine, any violation of the instructions may result in reduction of your marks for which you would yourself be responsible.
5. You have to mark all your responses ONLY on the ANSWER SHEET separately given. *Responses marked on the Test Booklet or in any paper other than the answer sheet shall not be examined.* Use Ball point pen for marking responses.
6. All items carry equal marks. Attempt all items.
7. Before you proceed to mark responses in the Answer Sheet fill in the particulars in the front portion of the Answer Sheet as per the instructions.
8. After you have completed the test, hand over the OMR answer sheet to the Invigilator.

DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO

# हिंदी

## प्रश्न-पत्र II

समय : $1\frac{1}{4}$ घण्टे] [पूर्णांक : 100

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

1. अपभ्रंश के प्रथम महाकवि कौन थे ?

   (A) हेमचन्द (B) स्वयंभू

   (C) जोइंदु (D) रामचंद्र

2. खड़ी बोली हिंदी का साहित्यिक रूप किस शताब्दी में विकसित हुआ ?

   (A) अठारहवीं शताब्दी (B) सत्रहवीं शताब्दी

   (C) उन्नीसवीं शताब्दी (D) सोलहवीं शताब्दी

3. अवधी बोली का केंद्र-स्थान क्या है ?

   (A) बहराइच (B) बाराबंकी

   (C) बस्ती (D) अयोध्या

4. राजभाषा अधिनियम कब पारित किया गया था ?

   (A) सन् 1962 (B) सन् 1963

   (C) सन् 1961 (D) सन् 1964

5. दक्षिण भारत हिंदी प्रचार-सभा के संस्थापक कौन थे ?

(A) राजेन्द्र प्रसाद (B) महात्मा गाँधी

(C) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (D) पट्टाभि सीतारामय्या

6. 'हिंदी साहित्य की भूमिका' ग्रंथ का लेखक कौन है ?

(A) डॉ. रामकुमार वर्मा (B) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय

(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (D) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

7. हिंदी साहित्य के इतिहास लेखन से पूर्व किस प्रसिद्ध ग्रंथ में हिंदी के विभिन्न कवियों के जीवनवृत्त एवं कृतित्व का परिचय मिलता है ?

(A) भक्त नामावली (B) शृंगार-संग्रह

(C) चौरासी वैष्णवन की वार्ता (D) गुरु ग्रंथ साहिब

8. आदिकाल के अन्तर्गत किस साहित्य की प्रामाणिकता संदिग्ध मानी गई है ?

(A) रासो साहित्य (B) रास काव्य

(C) जैन साहित्य (D) लौकिक काव्य

9. 'साहित्य प्रत्येक देश की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब है'—यह पंक्ति किस आलोचक की है ?

(A) नन्द दुलारे वाजपेयी (B) डॉ. रामविलास शर्मा

(C) रामचंद्र शुक्ल (D) डॉ. नगेन्द्र

10. जैन साहित्य की रास परंपरा के प्रथम ग्रंथ 'भरतेश्वर-बाहुबली रास' का रचनाकार कौन है ?

(A) विजय सेन सूरि
(B) जिनधर्म सूरि
(C) शालिभद्र सूरि
(D) श्रावकाचार

11. शंकराचार्य ने सामाजिक एकीकरण के लिए किस दार्शनिक-आध्यात्मिक ऐक्य का निरूपण किया ?

(A) अद्वैत वेदांत
(B) शुद्धाद्वैत
(C) विशिष्टाद्वैत
(D) द्वैताद्वैत

12. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार भक्तिकाल का सीमांकन कहाँ से कहाँ तक है ?

(A) 1400—1600 ई.
(B) 1360—1700 ई.
(C) 1318—1643 ई.
(D) 1388—1603 ई.

13. 'प्रभु जी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानी'—ये पंक्तियाँ किस संत कवि की हैं ?

(A) कबीरदास
(B) नामदेव
(C) रैदास
(D) मलूकदास

14. 'अष्टछाप' की स्थापना कब हुई ?

(A) 1565 ई.
(B) 1560 ई.
(C) 1600 ई.
(D) 1570 ई.

15. 'रामलला नहछू' किसकी रचना है ?

(A) केशवदास (B) नाभादास

(C) तुलसीदास (D) रहीम

16. कृष्ण की सरस क्रीड़ाओं का वर्णन करने वाला प्रख्यात ग्रंथ कौनसा है ?

(A) कंस निधन महाकाव्य (B) ध्वन्यालोक

(C) कृष्णकर्णामृत (D) गीतगोविन्द

17. मीराबाई की भक्ति किस भाव की है ?

(A) सख्य भाव (B) माधुर्य भाव

(C) वात्सल्य भाव (D) दास्य भाव

18. 'मानुष प्रेम भयेउ बैकुंठी' पंक्ति किस कवि की है ?

(A) मलिक मुहम्मद जायसी (B) मंझन

(C) तुलसीदास (D) कुतुबन

19. इनमें से कौनसा कवि रीतिबद्ध काव्यधारा से संबद्ध **नहीं** है ?

(A) चिंतामणि (B) मतिराम

(C) बिहारी (D) पद्‌माकर

20. कृष्णभक्त कवि सूरदास का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) बरसाना

(B) वृन्दावन

(C) दिल्ली के निकट सीही नामक स्थान में

(D) मथुरा

21. ऋतु-वर्णन के लिए विशेषतः रीतिकाल का कौनसा कवि प्रसिद्ध है ?

(A) सेनापति (B) बिहारी

(C) देव (D) पद्‌माकर

22. भारतेंदु मंडल के कवियों में इनमें से कौन कवि सम्मिलित **नहीं** था ?

(A) ठाकुर जगमोहन सिंह

(B) श्रीधर पाठक

(C) राधाकृष्ण दास

(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

23. अंग्रेजी राज़ के गुप्तचर विभाग में मैथिलीशरण गुप्त की किस कृति का अर्थ 'जनाना हिन्दुस्तान' समझा गया ?

(A) जय भारत (B) भारत-भारती

(C) काबा और कर्बला (D) विरहिणी ब्रजांगना

24. 'मनुष्यों की मुक्ति की तरह कविता की भी मुक्ति है'—यह कथन किसका है ?

(A) सुमित्रानंदन पंत (B) निराला

(C) माखनलाल चतुर्वेदी (D) रामचंद्र शुक्ल

25. छायावाद के उपादानों को लेकर किस कवि ने 'श्रीशारदा' पत्रिका में लेखमाला लिखी ?

(A) मुकुटधर पाण्डेय
(B) महादेवी वर्मा
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) निराला

26. 'कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ, जिससे उथल-पुथल मच जाए।

एक हिलोर इधर से आए एक हिलोर उधर से आए।'

इन पंक्तियों के रचयिता का नाम क्या है ?

(A) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(B) श्याम नारायण पाण्डेय
(C) निराला
(D) सुमित्रानंदन पंत

27. भवानी प्रसाद मिश्र की रचनाएँ अज्ञेय द्वारा संपादित किस सप्तक में संकलित हैं ?

(A) दूसरा सप्तक
(B) तारसप्तक
(C) तीसरा सप्तक
(D) चौथा सप्तक

28. इन रचनाकारों में मूलतः गीतकार कौन है ?

(A) निराला
(B) जानकीवल्लभ शास्त्री
(C) सुमित्रानंदन पंत
(D) जयशंकर प्रसाद

29. नलिन विलोचन शर्मा तथा केसरी कुमार किस वाद से संबद्ध हैं ?

(A) प्रयोगवाद
(B) प्रगतिवाद
(C) छायावाद
(D) नकेनवाद

30. शिवमंगल सिंह 'सुमन' किस युग के कवि हैं ?

(A) प्रयोगवाद (B) प्रगतिवाद

(C) द्विवेदी काल (D) छायावाद

31. 'रूपाभ' पत्रिका का संपादक कौन था ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) प्रेमचंद

(C) मुकुटधर पाण्डेय (D) सुमित्रानंदन पंत

32. अमृतलाल नागर के किस उपन्यास में लखनऊ के चौक के रूप में हिन्दुस्तानी समाज की विभिन्न छवियाँ मौजूद हैं ?

(A) महाकाल (B) अमृत और विष

(C) बूँद और समुद्र (D) सुहाग के नूपुर

33. 'बाण भट्ट की आत्मकथा' उपन्यास का लेखक कौन है ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी (B) देवकीनंदन खत्री

(C) किशोरीलाल गोस्वामी (D) बालकृष्ण भट्ट

34. महाभोज किसकी रचना है ?

(A) रांगेय राघव (B) कृष्णा सोबती

(C) भीष्म साहनी (D) मन्नू भंडारी

35. आम आदमी को केन्द्र में रखकर किस आंदोलन का संचालन 'सारिका' के संपादक कमलेश्वर ने किया ?

(A) सक्रिय कहानी (B) नई कहानी

(C) समांतर कहानी (D) अकहानी

36. देश के बँटवारे की त्रासदी पर आधारित कहानी कौनसी है ?

(A) सिक्का बदल गया (B) कफ़न

(C) वापसी (D) चीफ़ की दावत

37. आधुनिक हिंदी एकांकी नाटकों का जनक किसे कहा जाता है ?

(A) जगदीश चंद्र माथुर (B) रामकुमार वर्मा

(C) उदयशंकर भट्ट (D) सेठ गोविन्द दास

38. 'अंधेर नगरी' किस प्रकार की कृति है ?

(A) एकांकी (B) रूपक

(C) प्रहसन (D) एकालाप

39. 'अशोक के फूल' निबंध-संग्रह किसका है ?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) रामवृक्ष बेनीपुरी (D) विद्यानिवास मिश्र

40. इनमें से कौनसा निबंध पं. विद्यानिवास मिश्र का **नहीं** है ?

(A) अग्निरथ (B) चितवन की छांह

(C) तुम चंदन हम पानी (D) आम फिर बौरा गए

41. निम्नलिखित आलोचनात्मक कृतियों में रामविलास शर्मा की कृति कौनसी है ?

(A) भाषा और समाज (B) भाषा और संवेदना

(C) भाषा–रहस्य (D) शब्द और स्मृति

42. 'दूसरी परम्परा की खोज' पुस्तक का लेखक कौन है ?

(A) रामविलास शर्मा (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) निराला (D) नामवर सिंह

43. हरिवंश राय बच्चन ने अपनी किस संस्मरणात्मक कृति में हिंदी साहित्य की सीमा और शक्ति का अंकन किया है ?

(A) नीड़ का निर्माण फिर (B) नए–पुराने झरोखे

(C) दस द्वार से सोपान तक (D) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

44. प्रेमचंद पर लिखी शिवरानी देवी की कृति कौन–सी है ?

(A) प्रेमचंद : घर में (B) कलम का मजदूर

(C) कलम का सिपाही (D) इनमें से कोई नहीं

45. 'विभावानुभावसंचारीसंयोगाद्रसनिष्पत्ति' रस स्वरूप निर्धारण यह सूत्र किस आचार्य का है ?

(A) भामह (B) मम्मट

(C) भरत (D) अभिनवगुप्त

46. 'साधारणीकरण' के सिद्धान्त का प्रवर्त्तन और उद्बोधन किस आचार्य ने किया ?

(A) आनंदवर्धन (B) रामचंद्र शुक्ल

(C) भट्टनायक (D) अभिनवगुप्त

47. अभिधा और लक्षणा द्वारा अपना-अपना अर्थ बताकर शांत हो जाने पर किसी अन्य ही अर्थ का बोध होता है, वहाँ कौनसी शब्द-शक्ति होती है ?

(A) तात्पर्यवृत्ति (B) व्यंजना

(C) लक्षणा (D) अभिधा

48. इनमें से कौन उत्तर आधुनिकतावादी चिंतक **नहीं** है ?

(A) फ्रांसुआ ल्योताट (B) बौद्रिआ

(C) एफ. आर. लीविस (D) फ्रेडरिक जेनेसन

49. स्वच्छंदतावाद के प्रवर्तक हैं :

(A) कीट्स (B) वर्ड्सवर्थ

(C) रूसी (D) शैली

50. 'कल्पना मानव मस्तिष्क की बिंब-विधायिनी शक्ति है'—किसका मानना है ?

(A) कॉलरिज (B) वर्ड्सवर्थ

(C) क्रोचे (D) रिचर्ड्स